Need to expedite construction of Himmatnagar-Khedbrahma and Mahesana-Ambaji new railway line projects-Laid

श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया **(**साबरकांठा**) :** गुजरात मे हिम्मतनगर से खेड़ब्रह्मा तक, वहीं मेहसाणा से आबू रोड होते हुए हदाद और अंबाजी तक नई रेलवे लाइन का कार्य प्रगति पर है जोकि भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कदमों मे से एक है । मेरे लोकसभा साबरकांठा से रोज काफी संख्या मे श्रद्धालु माता अंबाजी के दर्शन व माउंट आबू जैसे पर्यटन स्थल घूमने जाते हैं । मै भारत सरकार व माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूँ कि मंत्रालय उपरोक्त रेलवे लाइन के कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने की कृपा करे साथ ही गुजरात के खेड़ब्रह्मा से हदाद तक 22 किलोमीटर की नई रेलवे लाइन का भी निर्माण करने को स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करे जिससे अंबाजी माता के श्रद्धालुओं और माउंट आबू जैसे पर्यटन स्थलों के लिए बेहतर रेलवे कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सके व श्रद्धालुओ की सुगमता के साथ साथ सरकार को भी रिवेन्यू प्राप्ति से लाभ हो । साथ ही, इस परियोजना से गुजरात के कई जिलों और उत्तर भारत से दक्षिण भारत तक के रेल यातायात को लाभ पाए ।